जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ / प्रशा / स्था / 2013 / 6919 दिनांक 27/05/13

// सूचना //

श्री जय प्रकाश शर्मा, नि0श्रे0लि0 89 दिवस को सूचित किया जाता है कि निदेशक विधि प्रशासन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार आप माह जनवरी 2012 से बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित है, इस संबंध में आपको कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक– एफ / प्रशा / स्था / 2013 / 6698 दिनांक 27.02.2013 को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था, तथा आपको चेतावनी दी गई थी कि आप तत्काल विभाग में अपनी उपस्थिति दें।

आपके द्वारा उक्त कारण बताओं सूचना पत्र प्राप्त नहीं किया गया, तथा आज दिनांक तक कोई उपस्थिति भी आपके द्वारा विभाग में दर्ज नहीं कराई गई। आपके आचरण एवं व्यवहार से ऐसा प्रतीत होता है कि आपको कार्य करने में कोई रूचि नहीं है तथा आप विश्वविद्यालय में कार्य करने के इच्छुक नहीं है।

अतः आपको इस सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि यदि आप इस सूचना के प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर अपने कार्य पर उपस्थित नहीं होते है तो विश्वविद्यालय द्वारा आपकी अस्थाई सेवा समाप्त की जावेगी। जिसकी पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

कुलसचिव